द्वारा निर्धारित विनियमों का भी पालन करना है । भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार जहां कहीं मेजबान देशों द्वारा ये निर्धारित किए गए हैं वहां हमारे सभी बैंक पूंजी अपेक्षाओं का पालन कर रहे हैं ।

गुजरात में आयकर छापे

4238. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले एक वर्ष के दौरान आयकर विभाग द्वारा गुजरात में मारे गए छापों का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रत्येक मामले में जब्त की गई चल और अचल सम्पत्तियों तथा उनके मूल्य का ब्यौरा क्या है; और

(ग) 1 जुलाई, 1992 तक कितने मामलों का निपटारा नहीं किया गया है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) से (ग) वित्त वर्ष 1991-92 के दौरान आयकर विभाग ने गुजरात राज्य में 271 तलाशियां ली थीं । इन तलाशियों के दौरान निम्नानुसार लेखा-बाह्य परिसम्पत्तियां अभिगृहीत की गई थीं :—

(करोड़ रु. में)

नकदी	3.83
जेवर-जवाहरात	3.62
अन्य परिसम्पत्तियां	4.60
कुल	12.05

अभिगृहीत की गई सामग्रियों के आधार पर आवश्यक अनुवर्ती जांच-पड़ताल शुरू की गई हैं लेकिन सुसंगत मामले कर-निर्धारणों को अन्तिम रूप दिए जाने के चरणों तक नहीं पहुंचे हैं ।

गुजरात में सीमेंट उद्योगों द्वारा उत्पाद शुल्क की चोरी

4239. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय उत्पाद शुल्क निदेशालय, नई दिल्ली ने गुजरात में सीमेंट उद्योगों द्वारा की गयी करोड़ों रुपये की उत्पाद शुल्क की चोरी का पता लगाने का प्रयास किया है; और

(ख) यदि हां, तो उसका निदेशालय वार ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) और (ख) चूंकि केन्द्रीय उत्पाद शुल्क निदेशालय, दिल्ली नाम से कोई कार्यालय नहीं है, इसलिए ऐसा प्रतीत होता है कि इस प्रश्न का संबंध अपवंचन-रोधी महानिदेशालय, नई दिल्ली से है । महानिदेशालय ने क्षेत्राधिकार रखने वाले केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहर्तालयों से उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले सीमेंट एककों की विशेष लेखा परीक्षा करने का अनुरोध करके गुजरात में सीमेंट उद्योग द्वारा उत्पाद शुल्क अपवंचन करने के मामले का पता लगाने का प्रयास किया है । लेखा परीक्षा करने की कार्य-प्रणाली से संबंधित परिपत्र और विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धान्त भी जारी किये गये थे । तथापि, गुजरात में सीमेंट एककों द्वारा शुल्क अपवंचन किये जाने के किसी बड़े मामले की अभी तक समाहर्तालयों द्वारा सूचना नहीं दी गयी है ।

मुम्बई में विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम का उल्लंघन

4240. **श्री ईश दत्त यादव :**
चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुम्बई में विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम का उल्लंघन किया गया है ;